(ग) और (घ) भोपाल केन्द्र के सक्रिय होने तक, प्रशासनिक अधिकारी और उच्च श्रेणी लिपिक के पदों को पदोन्नति द्वारा भर लिया गया था और वे निदेशालय के मुख्यालय में चल रहे हैं।

कृषि विमानन केन्द्र, कानपुर में प्रशासनिक अधिकारी का रिक्त पद

2936. **डा० रत्नाकर पाण्डेय** : क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नागर विमानन मंत्रालय के अन्तर्गत कृषि विमानन निदेशालय के कानपुर केन्द्र में पिछले दस वर्षों से प्रशासनिक अधिकारी का पद रिक्त पड़ा है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस पद को भरे जाने पर प्रतिबंध लगा है ;

(ग) यदि हां, तो क्या इस पद को नए सिरे से भरे जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है जबकि यह निदेशालय अब वायुदत लिमिटेड से सम्बद्ध हो गया है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा नागर विमानन मंत्री (श्री मोती लाल वोरा) : (क) जी, हां।

(ख) जी, नहीं।

(ग) इस संबंध में कृषि विमानन निदेशालय द्वारा एक प्रस्ताव किया गया है।

(घ) प्रश्न नहीं है।

हिन्दी का प्रयोग

2937. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेल मंत्रालय ने अपने सभी अधीनस्थ कार्यालयों में हिन्दी भाषी कर्मचारियों द्वारा हिन्दी में काम करना अनिवार्य किए जाने के संबंध में कोई आदेश जारी किए हैं ; और

(ख) यदि नहीं, तो क्या इस संबंध में उन्हें उपयुक्त अनुदेश जारी किए जाएंगे ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री महाबीर प्रसाद) : (क) और (ख) जी नहीं। लेकिन राजभाषा विभाग (गृह मंत्रालय) से प्राप्त अनुदेशों के अनुसार रेल मंत्रालय और उसके संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा नियम, 1976 के नियम 8(4) के अन्तर्गत विषय विनिर्दिष्ट कर दिए गए हैं तथा हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त कर्मचारियों/अधिकारियों को उन विनिर्दिष्ट विषयों से संबंधित सरकारी कामकाज केवल हिंदी में करने को कहा गया है, इसके अतिरिक्त रेलों को यह भी अनुदेश जारी किए गए हैं कि हिंदी/हिंदी टंकण/हिंदी आशुलिपि में प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन कुछ काम हिंदी में किया जाना चाहिए, ताकि उनके हिन्दी ज्ञान का उपयोग हो सके और उसमें वृद्धि हो सके।

Local cricket tournament organized by Air-India

2938. SHRI SUKOMAL SEN: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Aniridia organized a local cricket tournament in Bombay in January, 1988, through Committee for Local Peoples Rights;

(b) whether Air India has financially assisted the souvenir published by that Committee on the occasion of the tournament by way of contributing advertisements; and

(c) whether that Committee is a front organization of the Siva Sena and whether the souvenir is contained utterly parochial materials detrimental to the unity and integrity of the country?